## श्रवण एवं वाचन कौशल

1. (क) राजकुमार का साथी झील में कूद गया।

   (ख) सूअर अपने आपको बचाने के लिए किनारे की ओर झपटा।

   (ग) राजकुमार के साथी उसे बचाने के लिए दौड़े।

2. शब्दों का उच्चारण विद्यार्थी स्वयं करेंगे।

3. (क) झील में

   (ख) काला हिरन

   (ग) राजकुमार

   (घ) हिरणी की मौन प्रार्थना

1. (क) हिरनों को हिंसक जानवरों के कारण चारों ओर खतरा था।

(ख) आवाज़ सुनकर शिकारी चौकन्ना हो गए। उन्होंने हिरनों का पीछा किया।

(ग) राजकुमार के साथियों द्वारा फैलाए गए जाल में सूअर फँस गया।

(घ) सभी हिरन आपसी प्रेमभाव के कारण एक साथ खड़े हो गए।

(ङ) राजकुमार ने स्वप्न में देखा कि उसके बगीचे में काला हिरन चरने आया है।

2. (क) झील के आसपास का वातावरण बहुत सुहावना था। यह गंगा का समतल मैदानी भाग था। इसी भाग के घने जंगल में झील थी।

(ख) शिकारी इसलिए परेशान थे क्योंकि दोपहर तक काफ़ी खोज करने के बाद भी उन्हें कोई शिकार नहीं मिला था। प्यास के कारण वे बहुत व्याकुल थे। झील पर पहुँचकर पानी पीने के बाद उन्हें आराम मिला।

(ग) जब राजकुमार की ओर सूअर झपटा तो राजकुमार झील में कूद गया। उसका एक साथी भाला लेकर झील में कूद गया। उसने सूअर पर भाला फेंका। दूसरे साथी ने सूअर की कनपटी पर गोली चला दी। इस तरह सूअर मारा गया और राजकुमार की जान बच गई।

(घ) राजकुमार ने देखा कि काला हिरन कातर दृष्टि से अपने साथियों की ओर देख रहा था। हिरनी की आँखें आँसुओं से भरी थीं। वह सींगों से हिरन को खुजला रही थी। राजकुमार को यह सब स्वप्न जैसा लग रहा था। ऐसा इसलिए क्योंकि राजकुमार ने सोचा था कि काले हिरन को पकड़ने के बाद दूसरे हिरन भाग जाएँगे।

3. (क) झील, किनारे      (ख) छलाँग

(ग) जानवरों, अद्भुत      (घ) बगीचे

Shot on A1 Plus
Gionee Dual Camera

4. (क) जंगल के शिकारियों को शिकार नहीं मिला।

(ख) वे पेड़ों की घनी छाया के नीचे रुक गए क्योंकि उन्हें आराम करना था।

(ग) 'जान में जान आना' मुहावरे का अर्थ है- ढाँढ़स बँधना।

## शब्द संपदा

1. (क) अहिंसा (ख) धूप (ग) सरदी
   (घ) सफ़ेद (ङ) अनुपस्थित (च) घृणा
2. (क) विपिन, अटवी, कानन (ख) मृग, सारंग, कुरंग
   (ग) नेत्र, नयन, लोचन (घ) वारि, नीर, जल
   (ङ) मित्र, दोस्त, सखा

## पाठ आधारित व्याकरण

1. (क) गंगा - व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) खिड़की - जातिवाचक संज्ञा
   (ग) हिरन - जातिवाचक संज्ञा (घ) पानी - द्रव्यवाचक संज्ञा
   (ङ) दल - समूहवाचक संज्ञा
2. (क) समतल (ख) लाल-लाल (ग) चतुर (घ) काले (ङ) घनी
3. (क) शिकारी - (एकवचन) - <u>शिकारी</u> झील में कूद गया।
   (बहुवचन) - <u>शिकारी</u> प्यास से व्याकुल थे।
   (ख) जानवर - (एकवचन) - सूअर ताकतवर <u>जानवर</u> होता है।
   (बहुवचन) - <u>जानवर</u> एक जगह खड़े हो गए।
   (ग) पेड़ - (एकवचन) - <u>पेड़</u> हरा-भरा था।
   (बहुवचन) - <u>पेड़</u> सूख रहे थे।
   (घ) हिरन - (एकवचन) - <u>हिरन</u> जाल में फँस गया।
   (बहुवचन) - <u>हिरन</u> झील में पानी पीने आते थे।



Shot on A1 Plus
Gionee Dual Camera